श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 158, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 13 जनवरी, 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# तीनों कृषि कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान किसान पक्ष की तरफ से चार मुख्य वकील गायब रहे। आज कोर्ट ने एक कमेटी का गठन कर दिया है और साथ ही तीनों कृषि कानूनों पर रोक लगा दी है। लेकिन अनिश्चित काल के लिए नहीं।**

## गणतंत्र दिवस परेड बाधित करने की आशंका पर नोटिस जारी किया



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को पिछले साल सितंबर में बनाए गए तीन कृषि कानूनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई और इस सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने तीनों कृषि कानूनों पर रोक लगा दी है। आज की सुनवाई पूरी हो गई है और सुप्रीम कोर्ट ने आदेश देते हुए तीनों कानूनों के अमल पर रोक लगा दी है। साथ ही कमेटी का भी गठन कर दिया है।

● सुप्रीम कोर्ट ने गणतंत्र दिवस परेड बाधित करने की आशंका पर, जो दिल्ली पुलिस ने याचिका डाली थी, उसको लेकर नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम सॉलिसीटर जनरल की अर्जी पर नोटिस जारी कर रहे हैं। इस पर सोमवार को सुनवाई होगी। सभी पक्षों को याचिका की कॉपी दी जाए।

● मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमको ऐसा भी सुनने को मिला है कि प्रतिबंधित संगठन भी आंदोलन में लगे हैं। इसपर उखक ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि क्या आप इसकी पुष्टि करते हैं? अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कहा कि हम कहना चाहते हैं कि खालिस्तानियों ने विरोध प्रदर्शनों में घुसपैठ की है। उखक बोले- आप कल तक इस पर हलफनामा दीजिए। इसका मतलब यह नहीं कि हम पूरे मामले पर आज आदेश नहीं देंगे। आदेश आज ही आएगा। आप इस पहलू पर कल तक जवाब दें।

● आंदोलनकारियों का समर्थन कर रहे वकील विकास सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि लोगों को रामलीला मैदान में जगह मिलनी चाहिए। जहां मीडिया भी उन्हें देख सके। इसपर कोर्ट ने सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या अभी तक किसी ने रैली के लिए प्रशासन को आवेदन दिया? मुख्य न्यायाधीश ने अपने बयान में कहा कि हम आदेश में कहेंगे कि रामलीला मैदान या अन्य स्थानों पर विरोध प्रदर्शन के लिए किसान दिल्ली पुलिस आयुक्त की अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं।

● बीते दिन सुप्रीम कोर्ट ने आंदोलन में बुजुर्ग, बच्चे और महिलाओं के होने पर नाराजगी जताई थी, जिसपर आज सुनवाई के दौरान भारतीय किसान यूनियन (भानू) के वकील ने कहा कि वे सभी आंदोलन में हिस्सा नहीं लेंगे। इसपर CJI ने कहा कि हम आपके बयान को रिकॉर्ड कर रहे।

● मुख्य न्यायाधीश बोले- समिति इस मामले में न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हम कानून का अमल स्थगित करेंगे। लेकिन अनिश्चित काल के लिए नहीं। हमारा मकसद सिर्फ सकारात्मक माहौल बनाना है।

● शर्मा ने कहा कि किसान यह भी कह रहे हैं कि सब आ रहे हैं, पीएम बैठक में क्यों नहीं आते। इसपर कोर्ट ने कहा कि हम पीएम को नहीं कहेंगे कि वह बैठक में आएं।

● CJI बोले- हम एक समिति बना रहे हैं, ताकि हमारे पास एक स्पष्ट तस्वीर हो। हम यह तर्क नहीं सुनना चाहते कि किसान समिति में नहीं जाएंगे। हम समस्या को हल करने के लिए देख रहे हैं। यदि आप (किसान) अनिश्चित काल के लिए आंदोलन करना चाहते हैं, तो आप ऐसा कर सकते हैं।

● CJI ने कहा कि यह समिति हमारे लिए होगी। आप सभी लोग जो इस मुद्दे को हल करने की उम्मीद कर रहे हैं, इस समिति के समक्ष जाएंगे। यह एक आदेश पारित नहीं करेगा या आपको दंडित नहीं करेगा, यह केवल हमें एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

● याचिकाकर्ता एमएल शर्मा की बात सुनने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे ने कहा, हम अंतरिम आदेश में कहेंगे कि जमीन को लेकर कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं होगा। मुख्य न्यायाधीश बोले- हम इसे जीवन मौत के मामले की तरह नहीं देख रहे। हमारे सामने कानून की वैधता का सवाल है। कानूनों के अमल को स्थगित करना हमारे हाथ में है। साथ ही मसले के लिए कमिटी बनाई जा सकती है, मामला वहां उठा सकते हैं।

● याचिकाकर्ता एमएल शर्मा ने बताया कि किसान किसी कमेटी के सामने नहीं जाना चाहते। सिर्फ कानूनों को रद्द करवाना चाहते हैं। किसानों को कॉरपोरेट हाथों में छोड़ देने की तैयारी है। बता दें कि सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने संकेत दिया था कि वह समाधान के लिए नए कानूनों को अमल करने पर भी रोक लगा सकती है। साथ ही कोर्ट द्वारा एक समिति के गठन का सुझाव दिया गया था, जो जांच करेगी कि क्या कानून सार्वजनिक हित में है या नहीं। हालांकि, किसानों ने बीते दिन ही किसी कमेटी के साथ काम करने के मना कर दिया था।

● किसान संगठन के चारों वकील प्रशांत भूषण, दुष्यंत दवे, एच.एस. फुल्का, कोलिन गोंजाल्विस आज की सुनवाई में शामिल नहीं हैं।

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक कोर कमेटी की बैठक करेंगे। इसके बाद, हम अपनी कानूनी टीम के साथ इस पर चर्चा करेंगे और तय करेंगे कि क्या करना है।'


बीते दिन केंद्र पर सख्ती से पेश आते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कृषि कानूनों को लागू करने के पीछे की प्रक्रिया पर सवाल उठाया और सरकार द्वारा जिस तरह से विरोध प्रदर्शनों को डील किया जा रहा है, उसपर गहरी 'निराशा' व्यक्त की। कोर्ट द्वारा एक समिति के गठन का सुझाव दिया गया, जो जांच करेगी कि क्या कानून सार्वजनिक हित में है या नहीं।

जवाब में, किसान यूनियनों ने शीर्ष अदालत को धन्यवाद कहा, लेकिन इस मुद्दे को हल करने के लिए एक समिति के विचार को ठुकरा दिया। उन्होंने कानूनों को निरस्त करने की अपनी मांग दोहराई। इस बीच, कृषि कानूनों पर सुनवाई के तुरंत बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा है कि कानून जल्दबाजी में नहीं लाए गए हैं। कृषि कानून दो दशक से चल रही चचाओं का नतीजा हैं और इन्हें वापस लिया जाना न न्यायसंगत है और न ही स्वीकार्य। कृषि एवं किसान कल्याण सचिव की ओर से दिए गए हलफनामे में कहा गया कि किसानों के मन की हर शंका को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। इन कानूनों को देशभर से समर्थन मिल रहा है।

हालांकि, कानूनों को देशभर से समर्थन मिल रहा है, ऐसा बीते दिन सरकार की तरफ से कोर्ट में भी कहा गया था, जिसपर अदालत ने कहा था, 'हमारे सामने अब तक कोई नहीं आया है जो ऐसा कहे। अगर एक बड़ी संख्या में लोगों को लगता है कि कानून फायदेमंद है तो कमेटी को बताएं। आप बताइए कि कानून पर रोक लगाएंगे या नहीं। नहीं तो हम लगा देंगे।'

बता दें कि केंद्र और किसान संघों ने अब तक आठ दौर की वार्ता कर ली है, लेकिन गतिरोध को तोड़ने में विफल रहे। उनकी अगली बैठक 15 जनवरी को निर्धारित है। किसान गणतंत्र दिवस पर एक ट्रैक्टर मार्च में राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करके अपना विरोध प्रदर्शन तेज करने की योजना बना रहे हैं।

## राष्ट्रपति ने लोहड़ी, मकर संक्रांति पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि खेती और किसानों ने देश के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, भोगली बिहु, उत्तरायण और पौष पर्व के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं। कोविंद ने कहा, ये त्योहार हमारे किसानों के अथक परिश्रम और उद्यम को सम्मान देने का भी अवसर होते हैं।

राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान के अनुसार, कोविंद ने कहा कि ये त्योहार पूरे भारत में अलग-अलग रूपों में मनाए जाते हैं। लेकिन यह नई फसल के कटने से जुड़ा आनंद और उत्सव का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि पवित्र स्नान, विशेष पूजा, दान-पुण्य और अन्य अनुष्ठानों के जरिये लोग ये त्योहार मनाते हैं।

उन्होंने इन त्योहारों के माध्यम से लोगों में परस्पर शांति और एकता की भावना और मजबूत होने तथा देश में समृद्धि व खुशहाली बढ़ने की कामना की।

## बर्ड फ्लू को देखते हुए केंद्र सरकार ने कहा, पीपीई किट का पर्याप्त स्टॉक रखें राज्य

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** केंद्र ने मंगलवार को कहा कि उसने बर्ड फ्लू के सिलसिले में जांच नियमों को लेकर राज्यों को परामर्श जारी किया है और उनसे पक्षियों का मारने के लिए पीपीई किट और अन्य जरूरी उपकरणों का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने को भी कहा है। सोमवार तक दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों-दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और गुजरात में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने एक बयान में कहा, '12 जनवरी तक, राजस्थान के झुंझुनु जिले के एचसीएल खेत्री नगर में मृत कौवों में एवियन इंफ्लूएंजा यानी बर्ड फ्लू के अतिरिक्त मामलों की पुष्टि हुई।'

## दिल्ली समेत 13 शहरों में पहुंची कोरोना वैक्सीन की पहली खेप

### सरकार को 200 रुपए में और प्राइवेट मार्केट में 1000 रुपए में होगी उपलब्ध

**अब कोरोना वैक्सीन विभिन्न राज्यों में पहुंचने लगी है। राज्य की राजधानी से जिला मुख्यालय भेजी जाएगी या फिर उससे भी आगे ब्लॉक और पंचायत स्तर पर वैक्सीन जाएगी। 16 जनवरी से देश में टीकाकरण अभियान शुरू होगा। सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर को वैक्सीन लगाई जाएगी।**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** देश में कोरोना के खिलाफ टीकाकरण की तैयारियों के बीच राजधानी दिल्ली समेत 13 शहरों में कोविशील्ड की पहली खेप पहुंच गई है। पुणे से सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड की 56.5 लाख खुराक लेकर उड़ानें संचालित की गई। सीरम इंस्टीट्यूट भारत में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका द्वारा तैयार वैक्सीन का उत्पादन कर रहा है। देश में टीकाकरण की शुरूआत 16 जनवरी से होगी। सरकार को यह वैक्सीन प्रति डोज 200 रुपए में और प्राइवेट मार्केट में 1000 रुपए में उपलब्ध होगी।

सुबह-सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच तीन ट्रकों में कोविशील्ड की खुराक रखकर पुणे एयरपोर्ट पर पहुंचाई गई। यहां से एयर इंडिया, इंडिगो, गोएयर और स्पाइसजेट के विमानों से इन डोज को देश के अलग-अलग हिस्सों में भेजा गया। पहली खेप में दिल्ली को 2.64 लाख, आंध्र प्रदेश को 4.96 लाख, कर्नाटक को 6.47 लाख, तेलंगाना को 3.64 लाख, गुजरात को 2.76 लाख, तमिलनाडु को 5.36 लाख और केरल को 4.33 लाख खुराक दी गई है। दवा नियामक डीसीजीआइ ने हाल ही में दो टीकों के इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी है। इनमें सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन शामिल है। कोवैक्सीन पूरी तरह से स्वदेशी वैक्सीन है। टीकों की आपूर्ति शुरू होने के बाद सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ अदार पूनावाला ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि 2021 में हमारी अहम चुनौती है देश के सभी लोगों के लिए टीका उपलब्ध कराना। दुनियाभर से टीके की मांग को लेकर पूनावाला ने कहा कि हम सबको खुश करने की कोशिश हैं। अपने लोगों और देश का हित जरूरी है। उन्होंने बताया कि सीरम इंस्टीट्यूट हर महीने सात से आठ करोड़ डोज का उत्पादन करता है। विमानन कंपनी स्पाइजेट ने बेल्जियम के ब्रसेल्स एयरपोर्ट से टीके की सुगम आवाजाही के लिए करार किया है। इस करार के तहत ब्रसेल्स एयरपोर्ट स्पाइसजेट को स्लॉट देने और नेटवर्किंग कांट्रैक्ट के मामले में सहयोग करेगा, ताकि वैक्सीन की तेज आपूर्ति सुनिश्चित हो।

## उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में और चार दिन शीत लहर



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों को अभी कम से कम चार दिन और शीत लहर से राहत नहीं मिलने वाली। मंगलवार को ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए भारतीय मौसमविज्ञान विभाग (आइएमडी) ने इन क्षेत्रों में शीत लहर चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए भी ऐसा ही अलर्ट जारी करते हुए भारी बारिश का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। आइएमडी ने कहा, 'शुष्क उत्तरी/ उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते उत्तर-पश्चिम भारत के ज्यादातर हिस्सों में अगले चार-पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है जिससे पंजाब, हरियाणा के कुछ हिस्सों, चंडीगढ़, और दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में अगले तीन दिनों तक शीतलहर चलने की आशंका है।

विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ हिस्सों में तथा उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में छिटपुट स्थानों पर अगले तीन दिन शीत लहर/तेज शीतलहर चलने की संभावना है।उत्तर पश्चिम क्षेत्र में अगले चार-पांच दिनों तक घना और अत्यधिक घना कोहरा छाया रहेगा। विभाग ने 13 से 16 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लिए और 13 जनवरी को राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब होता है कि खतरे की पूरी संभावना है और संबंधित विभाग उसका सामना करने के लिए तैयार रहें। कोमोरिन क्षेत्र में चक्रवात के प्रभाव से तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे और लक्षद्वीप में अगले दो-तीन दिन वर्षा होने की संभावना है। कोरोरिन क्षेत्र तमिलनाडु के दक्षिणी भाग यानी कन्याकुमारी जिले के कुछ क्षेत्रों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तर भारत के अन्य इलाकों में अगले 3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान इन इलाकों में घना कोहरा भी छाया रह सकता है। पहाड़ों पर भीषण बर्फबारी के चलते शीतलहर का प्रकोप जारी है। उत्तर की बफीर्ली हवा ने अपना असर दिखाया। हाड़ कंपाने वाली ठंड की चपेट में पूरा उत्तर प्रदेश आ चुका है। सर्द हवाओं ने गलन काफी बढ़ा दी है। कोहरे की घनी चादर ने मंगलवार को सुबह देर से होने दी। कोहरा, सामान्य से तेज हवा और देर से निकली धूप ने पारा और तापमान गिरा दिया। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिन में कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में कई इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किए हैं। कश्मीर के श्रीनगर में तापमान शून्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जो कि पिछले रात शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस नीचे से ज्यादा है। घाटी में लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है क्योंकि ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## लखनऊ पहुंची 1.60 लाख वैक्सीन कोविशील्ड वैक्सीन, 16 से UP के 850 केंद्रों पर होना है वैक्सीनेशन







**लखनऊ, जेएनएन।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण महीनों प्रकोप झेल रहे प्रदेशवासियों के लिए अच्छी खबर है। अब वायरस को बेअसर करने की तैयारी अंतिम चरण में है। पुणे में तैयार कोविशील्ड वैक्सीन 16 जनवरी को देशभर में लगाई जाएगी। कोविड-19 वैक्सीन के लिए इंतजार अब खत्म हो चुका है।

मंगलवार शाम करीब चार बजे 1.60 लाख वैक्सीन की खेप लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पुणे से इंडिगो की फ्लाइट से पहुंची। जिस विमान से पुणे से वैक्सीन को लाया गया, उसको कार्गो एरिया में खड़ा किया गया। जहां सीआइएसएफ ने उसको सुरक्षा घेरे में लिया।

एयरपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने वैक्सीन को रिसीव किया। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में कोरोना वैक्सीन की आमद सुखद पल है। इसको लेकर हमारी तैयारी पूरी है। इसके बाद वैक्सीन के कंटेनरों को यहां से कोल्ड चेन वैन पर लादा गया, जिसे हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य मंत्री ने लखनऊ में जगत नारायण रोड स्थित नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने स्टेट वैक्सीन स्टोरेज सेंटर के लिए रवाना किया। कड़ी सुरक्षा में सीधे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्टेट वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचाई गई। यहां से अब इसे लखनऊ के 21 कोल्ड चेन सेंटरों पर पहुंचाया जाना है, जिसके बाद इसे पहले से तय 61 अलग-अलग केंद्रों पर भेजा जाएगा। यह टीके लखनऊ मंडल के छह जिलों लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व उन्नाव में लगाए जाने के लिए आए हैं। अभी कोविशील्ड वैक्सीन आई है। देर रात या बुधवार सुबह तक कोवैक्सीन की खेप आने की उम्मीद है। प्रदेश को पहले चरण में 11 लाख टीके मिलेंगे। स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार से लेकर तीन दिनों में बाकी टीकों की खेप भी आने की पूरी उम्मीद है। फिलहाल 16 जनवरी से पूरे देश में टीकाकरण शुरू होगा, जिसके साथ ही यूपी के सभी जिलों में 852 टीकाकरण केंद्रों पर भी वैक्सीन लगाई जाने लगेगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व कोविड-19 वैक्सीन के नोडल प्रभारी डॉ. एमके सिंह ने बताया कि वैक्सीन स्टेट वैक्सीनेशन सेंटर में पहुंच गई है। इसे प्रोटोकॉल के तहत निर्धारित तापमान पर रखा गया है। हालांकि अभी यह स्वास्थ्य विभाग के हवाले नहीं हुई है। लखनऊ को पहली खेप में कितनी वैक्सीन मिलेगी, इस बारे में अभी कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। बुधवार तक इस बारे में शासन निर्णय लेगा। 16 को वैक्सीन की आधिकारिक लॉन्चिंगः स्वास्थ्य विभाग वैक्सीनेशन की तैयारी पूरी कर चुका है। पहले ही तीन पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। अब 16 जनवरी को वैक्सीन को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा। इसके लिए सुबह 9:00 बजे सभी कर्मचारियों को बुलाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सहमत नहीं किसान

### कानून रद होने तक जारी रहेगा आंदोलन




**नई दिल्ली/ सोनीपत, जेएनएन।** तीनों कृषि कानूनों को लेकर चार सदस्यीय कमेटी गठित करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को किसान नेताओं ने खारिज कर दिया। किसान नेताओं का कहना है कि वे किसी कमेटी के सामने नहीं जाएंगे। कानून को लेकर किसान कोर्ट में नहीं गए थे, सरकार की ओर से याचिका डाली गई थी। हालांकि किसान नेताओं ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आंदोलन के हक में दिए गए फैसले का स्वागत किया, लेकिन कमेटी के बारे में स्पष्ट कर दिया कि वे इससे सहमत नहीं हैं। साथ ही किसान नेताओं ने 15 जनवरी की वार्ता में शामिल होने की भी बात कही।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कुंडली बार्डर पर किसान नेता और संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य बलबीर सिंह राजेवाल, डा. दर्शनपाल, जगमोहन सिंह, जगजीत सिंह दल्लेवाल, प्रेम सिंह भंगू, रमिंदर पटियाल आदि ने पत्रकारों से बातचीत की। किसान नेताओं ने कहा कि कृषि कानूनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी में जो चार नाम शामिल किए गए हैं, वे पहले से ही इन कानूनों के समर्थक रहे हैं। कानून के समर्थन में इनके लेख विभिन्न अखबारों में प्रकाशित होते रहे हैं। यही नहीं, न तो किसान सुप्रीम कोर्ट गए और न ही किसी कमेटी का कोई प्रस्ताव रखा, तो इसका क्या औचित्य है। यह कमेटी केवल विषय को भटकाने के लिए बनाई गई है। तीनों कानून संसद और भाजपा सरकार ने बनाए हैं। इसलिए हमारी लड़ाई सरकार से है। हमारी मांग कानून रद कराने की है, किसी कमेटी में बहस के लिए नहीं।

कानून रद होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इसे और तेज किया जा सकता है। अभी दिल्ली के पांच रास्ते बंद हैं, भविष्य में 10 रास्ते भी बंद हो सकते हैं। इस आंदोलन को पूरे देश में भी फैलाया जाएगा। जहां तक कानूनों को स्थगित करने का सवाल है, तो यह कोई समाधान नहीं है। 15 की बैठक के बाद बनेगी ट्रैक्टर मार्च की रूपरेखा किसान नेता राजेवाल ने कहा कि 26 जनवरी के ट्रैक्टर मार्च को लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। हर जगह भ्रम फैलाया जा रहा है कि हम दिल्ली फतह करने जा रहे है, किसानों का ऐसा कोई इरादा नहीं है। लालकिला पर जाने का भी कार्यक्रम नहीं है और न ही किसान संसद में जाने की कोशिश करेंगे। ट्रैक्टर मार्च की रूपरेखा 15 जनवरी की बैठक के बाद तय होगी, लेकिन यह तय है कि आंदोलन की तरह मार्च भी शांतिपूर्ण होगा और शांतिभंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यूपी गेट पर कहा कि आंदोलन जारी रहेगा। तीनों कृषि कानूनों की वापसी नहीं है, तो घर वापसी नहीं है। कोई गलतफहमी में न रहे। 26 जनवरी की परेड दिल्ली में होगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने किसानों के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया है, जिसका हम आभार व्यक्त करते हैं। किसानों की मांग कृषि कानूनों को रद करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानून बनाने की है। जब तक यह मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का परीक्षण कर बुधवार को संयुक्त मोर्चा आगे की रणनीति की घोषणा करेगा।

## संक्षेप समाचार

### बहू के साथ दुष्कर्म करने वाला फरार ससुर पुलिस की गिरफ्त से दूर

**मऊआइमा ।** बहू को अपना हवस का शिकार बनाने वाले नामजद आरोपी ससुर अभी तक पुलिस के शिकंजे में नहीं आया। जिसकी तलाश पुलिस द्वारा लगातार जारी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर बाराडीह निवासनीय एक विवाहिता का आरोप था कि उसका पति मंद बुद्धि का है। जिसका लाभ उठाते हुए उसका ससुर पहले उसके साथ छेडखानी करता था। फिर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरियन दुराचार करने लगा। तमाम विरोध के बावजूद ससुर अपना हवस का शिकार बनाता रहा। विवाहिता मौका देख कर चुपके से अपने मयके पहुंच कर ससुर के करतूतों को बताया । मयके वाले पीडिता को लेकर पहले मऊआइमा थाने आए जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो वह सीओ के यहां न्याय की गुहार लगाए। सीओ के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने दुराचार और जान से मारने की धमकी का मुकदमा तो दर्ज कर लिया। परन्तु आरोपी ससुर को आज तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिस को लेकर पीड़िता एवं स्वजनों में असन्तोष व्याप्त है।

### पीडीए ने सिविल लाइंस से आधा दर्जन धार्मिक स्थल हटाए

**प्रयागराज।** विकास प्राधिकरण ने सोमवार को आधी रात के बाद से मंगलवार भोर तक फोर्स के साथ कार्रवाई कर लोक सेवा आयोग चौराहे पर स्थित धर्मस्थल हटा दिया। रविवार रात से ही सिविल लाइंस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर आधा दर्जन धमस्थल हटाए गए हैं। हनुमान मंदिर के सामने शनि मंदिर, सिविल लाइंस बस अड्डे के सामने शंकर मंदिर और लोक सेवा आयोग चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर आदि इसमें शामिल हैं। लोगों ने इसका विरोध भी किया। ये सभी धार्मिक स्थल दो दशक पुराने बताए जा रहे हैं। सिविल लाइंस में पार्किंग क्षेत्र खाली कराने के साथ ही अतिक्रमण हटाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस मामले में 12 जनवरी को पीडीए अफसरों को हाईकोर्ट में पेश होना है। इसी क्रम में पीडीए पिछले करीब एक सप्ताह से पार्किंग क्षेत्र खाली कराने की कार्रवाई कर रहा है। सोमवार की देररात तकरीबन एक बजे लोक सेवा आयोग चौराहे पर कार्रवाई शुरू की गई जो मंगलवार भोर तक चली। कई जेसीबी व भारी फोर्स की मदद से कार्रवाई की गई। इससे पहले रविवार देर रात कार्रवाई की गई थी।

# लापता युवक का दोस्त के घर में मिला शव



युवक का शव मिलने के बाद जुटी लोगों की भीड़

**सिरसा।** थाना क्षेत्र खीरी के सिलौंधी गांव का एक युवक दो दिन पूर्व अपने दोस्त के साथ मार्केट के लिए निकला था जो लापता हो गया था। दो दिन बाद लापता युवक का शव दोस्त के ही घर मेजा थाना क्षेत्र के पथरा गांव में मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने पर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। मिली जानकारी के अनुसार सिलौंधी (लालतारा) गांव निवासी गया प्रसाद सोनी पुत्र जगदीश सोनी ने 10 जनवरी को खीरी थाने में अपने पुत्र शिवम सोनी (21) के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। तहरीर के अनुसार वह अपने किसी दोस्त के साथ बाइक से निकला था जिसका शव मंगलवार को मेजा थाना क्षेत्र के पथरा गांव स्थित दोस्त के ही मकान में एक बोरे में पाया गया। सूचना पर एसओ मेजा सुनील कुमार बाजपेई, खीरी थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जांच पड़ताल करते हुए चार-पांच संदिग्ध लोगों को पूंछताछ के लिए उठा लिया है। वहीं बेटे का शव देख कर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं पर तफ्तीश करने में जुटी गयी है।



रोते बिलखते मृतक के परिजनों को समझाते लोग

इस हत्या अपराध के पीछे किस-किस अपराधियों का हांथ है। क्षेत्र में सनसनी और दहसद बना हुआ है और क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा का विषय और आक्रोश बना है।

## पूर्व एडिशनल कमिश्नर की स्कूटी से टप्पे बाजों ने दो लाख उड़ाया

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा बाजार में दवा खरीदने के लिए रुके सेवानिवृत्त एडिशनल कमिश्नर की स्कूटी की डिक्की तोड़कर ?दो लाख रुपए टप्पे बाजो ने उड़ा दिया। स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन वह मोटरसाइकिल से भाग निकले। सोमवार की शाम लगभग 4:30 बजे पांडर गांव निवासी रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर जिला उद्योग केंद्र पदम त्रिपाठी जसरा के स्टेट बैंक की शाखा से दो लाख रुपए निकालकर अपनी स्कूटी की डिग्गी में रखकर दवा लेने के लिए एक दवा स्टोर के बाहर पहुंचे। तथा स्कूटी खड़ी कर दवा खरीदने लगे । इतने में ही काली रंग की पल्सर सवार दो युवक आए स्कूटी की डिग्गी तोड़कर उसमें रखा रुपयों से भरा बैग लेकर बाजार की ओर भाग निकले। बगल की दुकान में बैठी एक छोटी बच्ची यह सब देख रही थी। उसने शोर मचाया तब तक पल्सर सवार दोनों टप्पे बाज वहां से आगे निकल गए। बाजार के लोगों ने दोनों बदमाशों का रेलवे क्रॉसिंग तक पीछा किया लेकिन पकड़ में नहीं आए। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित ने लिखित तहरीर घूरपुर पुलिस को दी है। पीड़ित ने बताया कि बैग में? दो लाख रुपए के अतिरिक्त उनकी पत्नी का आधार कार्ड, पैन कार्ड व पेंशन से संबंधित कागजात , दो एटीएम आदि भी था। वहीं घटना से बाजार के लोग आक्रोशित हैं। तथा स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### गुमटी का ताला तोड़ नगदी सहित सामान कर दिए पार

**घूरपुर।** घूरपुर बाजार में चोरों ने एक पान की गुमटी का ताला तोड़ नगदी सहित सामान पार कर दिए। घूरपुर कस्बा निवासी जानू पुत्र सफातुल्लाह घूरपुर बाजार स्थित बीड़ी कंपनी के बगल पान गुमटी रख कर अपने परिवार की आजीविका चलाता है। सोमवार की रात में जानू दुकान बंद कर के घर चला गया सुबह जब आया तो देखा कि गुमटी का ताला टूटा हुआ है। और चोर उसकी दुकान में रखा हुआ पूरा सामान जिसकी कीमत लगभग 6 हजार रुपये थी और 5 हजार रुपये नगद जो कि सुबह उसने सामान खरीदने के लिए रखे थे सब चुरा ले गए जिसको देख कर जानू परेशान हो गया। और पुलिस को शिकायती पत्र दिया। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# ब्लाक के सामने भिड़े मोटर साइकिल सवार, दो गंभीर

**एक युवक को आई मामूली चोटें**
**शराब पीकर चला रहे थे गाड़ी**



अस्पताल में भर्ती घायल युवक

**शंकरगढ़।** यमुनापार के विकास खंड मुख्यालय शंकरगढ़ के सामने हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो युवकों की गले की हड्डी टूट गई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को शहर के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार दो युवक शराब के नशे में थे। यह हादसा मंगलवार देर शाम का है।

जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश के कठार, जनेह निवासी राजबहोर प्रजापति (28) पुत्र स्व. कल्लू प्रसाद किसी कार्य से शंकरगढ़ क्षेत्र में आया था। देर शाम राजबहोर ने शिवराजपुर में अपनी बाइक में तेल डलवाया और इसके बाद वाया शंकरगढ़ वह अपने घर की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह विकास खंड मुख्यालय शंकरगढ़ के सामने पहुंचा, विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने राजबहोर की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद राजबहोर व दूसरी बाइक पर सवार दोनों युवक सडक पर गिर पड़े। हादसे के बाद जुटे स्थानीय लोगों ने तीनों को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया, जहां डा. संजय सिंह और फार्मासिस्ट अरविंद ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। डा. संजय सिंह ने बताया कि बाइक सवार राजबहोर के साथ ही दूसरी बाइक पर सवार रहे श्यामू आदिवासी (25) पुत्र विजयराज आदिवासी (निवासी गोल्हैया, शंकरगढ़) का कालर बोन टूट गया है। इसके अलावा श्यामू के साथ रहा शिवम आदिवासी (20) पुत्र रामचंद्र आदिवासी (निवासी गोल्हैया, शंकरगढ़) को मामूली चोटें आई हैं। डा. संजय सिंह ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद श्यामू और राजबहोर को जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया गया है। श्यामू और शिवम ने जमकर शराब पी रखी थी।

### फ्राड व रेप के वांछित फरार

**खीरी।** यमुनापार में थाना खीरी क्षेत्र के सोहागी निवासी पर लगभग दो महीना पहले रेप व फ्रॉड का मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसमें दो पुरुष व दो महिला आरोपी बनाए गए थे। जिसमें एक मुख्य आरोपी को खीरी पुलिस अभी तक गिरफ्तार कर सकी है। वही अभी तीन फरार चल रहे हैं। जानकारी के अनुसार रामरति कुशवाहा पत्नी स्वर्गीय राम बहोर ने सोहागी निवासी एक परिवार पर सामूहिक फ्रॉड व रेप का मुकदमा पंजीकृत कराई थी। जिसमें काफी मशक्कत के बाद एक मुख्य आरोपी समुंद्र पांडे को खीरी पुलिस पकड़ पाई है ।वहीं अभी उसके भाई उसके पत्नी व उसके छोटे भाई के पत्नी फरार हैं। भुक्तभोगी राम रती का लड़का नरेंद्र कुमार ने उच्चाधिकारियों को रेप व फ्राड में वांछित चल रहे आरोपियों का खीरी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न करने के मामले में अवगत कराते हुए दो बार कार्यालय जन शिकायत प्रकोष्ठ में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा वांछित चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया, परंतु भुक्तभोगी महिला का कहना है कि खीरी पुलिस जान बुझ कर वांछित को बचाने हेतु गिरफ्तारी में देरी कर रही है। मामले में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का कहना है कि विवेचना जारी है साक्ष्य पाए जाने पर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता

## प्रियंका गांधी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्म दिन

**करछना।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी करछना के ग्राम सभा जगौती में श्रीमती इन्दिरा गाँधी विद्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती प्रियंका गाँधी जी का जन्म दिवस मनाया जिसमें यमुनापार प्रयागराज के जिलाध्यक्ष बड़े भाई अरूण तिवारी जी के अध्यक्षता में प्रियंका गाँधी जी के जन्म दिवस मनाया गया इसमें प्रमुख रूप से संचालन कर रहे डॉ० दिनेश कुमार सोनी जी के तहत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित रंगराज सिंह जी, विद्याधर मिश्र एडवोकेट विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट, नागेश पाण्डेय जी, आशीष कुमार मिश्र जी, प्रकाश पाण्डेय एडवोकेट, राकेश कुमार पटेल, दारा सिंह, कौशलेन्द्र गौड़, शिव विजय सिंह जी, पी आर भट्टाचार्य जी, रजनीश गौड़, लाल चंद यादव, मोहम्मद सलमान, विश्व नाथ पाण्डेय उर्फ बच्चन राय, मोहम्मद शोएब इत्यादि लोगों की मौजूदगी रही।

## कुण्डी काटकर चोरों ने किया वेल्डिंग मशीन समेत कई सामान गायब

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के समोधीपुर बेलवारिया गांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात वेल्डिंग सामान समेत पोर्टिफार्म के अंदर रखे कई सामान ले उड़े। बताया जाता है कि मोहम्मद दिलशाद पुत्र मुख़्तार निवासी ग्राम उतरांवथाना उतरांव प्रयागराज जो समोधीपुर बेलवारिया स्थित नहर के किनारे पोल्टी फॉम का निर्माण कार्य चल रहा है बीते रत अज्ञात चोरों ने लोहे की दरवाजे की कुण्डी काटकर अज्ञात चोरों ने अंदर रखे वेल्डिंग मशीन फाइवर का पतरा समरसेवुल स्टार्टर सौ मीटर केविल के साथ अन्य सामान चुरा ले गये मंगलवार सुबह जब संचालक पोल्ट्री फार्म पर पहुचा तो टूटा कुंडी देखकर उसके होश उड़ गए।पीड़ित ने 112 नम्बर पर सूचना भी दी।वही पीड़ित ने उतरांव थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जसरा में लगा भीषण जाम, यात्री हलाकान

**जसरा।** प्रयागराज-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जसरा रेलवे फाटक पर डबल रूट होने से बार बार फाटक बंद होने के कारण फाटक के दोनों ओर वाहनों के बेतरतीब खड़े हो जाने से फाटक खुलने पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है।

जसरा रेलवे फाटक पर डबल ट्रैक के होने के कारण फाटक के जल्दी जल्दी बंद होने से फाटक के दोनों ओर वाहनों की तीन तीन कतारों में खड़े होने से पैदल व दोपहिया वाहनों के निकलने की भी जगह नहीं रहती। मंगलवार को सुबह से ही फाटक के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लगी रहीं। बाजार के ब्यापारियों की दूकानदारी भी नहीं हो पाती है। इस बावत भाजपा वरिष्ठ नेता राजेश जायसवाल, ब्यापार सभा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र केसरवानी, सचिन श्रीवास्तव, राजू केसरवानी, शत्रुघ्न केसरवानी बाबा,बच्चा केसरवानी आदि ने कहा कि बेतरतीब वाहनों के सड़क पर खड़े होने से वाहनों के निकलने में परेशानी होती है। अगर प्रशासन किसी तरह का हल खोजे तो परेशानी से छुटकारा मिल सकता है।



भीषण जाम के चलते खड़े वाहन

### स्कूली बच्चे रहे परेशान

जसरा फाटक के बंद होने के कारण क्षेत्र के स्कूली बच्चों को घंटों जाम में फंसने के कारण उनकी पढ़ाई बाधित होती है।

### विधायक ने दिया आश्वासन

इस बावत जब विधायक बारा डा०अजय कुमार से जानकारी लेने के लिए फोन लगाया तो उनका फोन नहीं लगा। विधायक प्रतिनिधि मोहन यादव ने बताया कि इस सम्बन्ध में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से विधायक जी ने बात किया है। बताया कि अन्तिम फरवरी तक जसरा रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का उप मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किया जाना है।

## पत्रकार के छोटे भाई की कुएं में गिरने से आकस्मिक मौत

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र के भोगवारा गाँव निवासी पत्रकार सूर्या यादव के छोटे भाई दीपमणि यादव 15 वर्ष की कुएं में पैर फिसलने से गिर कर मौत हो गई । दीपमणि चार भाईयों एवं एक बहन के बीच तीसरे नंबर पर था एवं ग्यारह वीं कक्षा का छात्र था। सूर्या यादव ने बताया कि रविवार सुबह माँ फोन लगाकर दिल्ली पिता से हालचाल ले रही थी मै और दीपमणि भी वहीं थे कि अचानक दीपमणि घर के पूरब रेलवे लाइन के पास एक कुआँ है जहाँ छोटे छोटे पिल्ले रहते थे । उनके साथ दीपमणि खेलता था और वहीं बिना घर बताए खेलने गया था कि अचानक पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गिरा । और अधिक देर तक पानी में रहने के कारण उसकी जान चली गई हम लोग जान भी नहीं पाए जब तक सूचना मिली बहुत देर हो चुकी थी । शव पोस्टमार्टम हेतु पुलिस लेकर गई तत्पश्चात उसका अंतिम संस्कार किया गया सूचना पाकर पिता बदहवासी में दिल्ली से घर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# अवैध शराब संग दो अभियुक्त गिरफ्तार




पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त व बरामद अवैध शराब

**प्रतापपुर।** सरायममरेज इंस्पेक्टर भरत कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम उपनिरीक्षक अजीत उपाध्याय, उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, कांस्टेबल अंकित कुमार, जीतू कुमार, राहुल यादव के साथ तिलकठ गाँव में दबिश देकर दो अभियुक्त शनि जायसवाल तिलकठ थाना सरायममरेज, शैलेंद्र सिंह गिर्दकोट हंडिया थाना को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष भेजा।अभियुक्तों के पास से 61 पौवा बांबे स्पेशल व्हिस्की, 1036 नकली व्हिस्की रैपर, 839 नकली ढक्कन के साथ बरामद किया गया।

### 25 जनवरी तक पूरी होगी माघ मेले की तैयारी

**प्रयागराज।** माघ मेला का पहला स्नान पर्व 14 जनवरी को है। तीन दिन पहले उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने माघ मेला की तैयारी मकर संक्रांति स्नान पर्व से पूर्व करने का निर्देश दिया लेकिन मेला प्रशासन ने अपनी डेडलाइन 25 जनवरी तय की है। पहले स्नान पर्व तक संगम क्षेत्र की रोड, पुल आदि के काम पूरे करने का लक्ष्य दिया गया है। मेला प्रशासन अन्य तैयारियां 28 जनवरी को पौष पूर्णिमा स्नान पर्व से पहले तैयारी पूरी करना चाहता है। इसका कारण साफ है। 14 जनवरी तक सभी संस्थाओं को जमीन आवंटन कर पाना संभव नहीं है। जमीन आवंटन के बाद ही संस्थाएं शिविर लगाएंगी। माघ मेला में कल्पवास पौष पूर्णिमा स्नान पर्व से शुरू होगा। कल्पवास से पहले मेला क्षेत्र में सभी शिविर लग जाएंगे। कल्पवासियों के शिविरों में बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था 25 जनवरी तक पूरी होगी।

# किसानों के हित में हमेशा रहूंगा तत्पर : शिवम पांडेय

**करछना।** भारतीय किसान कल्याण संघ द्वारा करछना ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम सभा धरवारा में जिला महापंचायत का आयोजन में हुआ । जिसमें भारतीय किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय संरक्षक व राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव व उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी जी व जिला अध्यक्ष प्रयागराज आदि पदाधिकारियों नें किसान हित में सम्बोधन किया ।

जिसमें शिवम पाण्डेय जी ने किसानों का समर्थन करते हुए कहा कि ये हर किसी को मालूम है कि किसान इस देश की रीढ़ की हड्डी रहा है वो किसान ही है कि जिसके परिश्रम की बदौलत सवा सौ करोड़ की आबादी वाला ये देश भोजन करता है ।

उसी बीच शिवम पाण्डेय जी ने भारत सरकार से किसान भाईयों के



किसान संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी

लिए धान क्रय केन्द्रो पर दलाली बन्द हो, अवारा पशुओं से फसलो को बचाने की तत्काल कार्यवाही की जाय, खाद डी. ए.पी. यूरिया किसानों को सहकारी समिति पर तत्काल उपलब्ध कराया जाय, अनाज सब्जी के सभी बीजों का मनमाना मूल्य रोका जाय, अघोषित बीजली कटौती रोककर सस्तेदर पर बिजली उपलब्ध कराया जाय, नहर सिंचाई की अच्छी व्यवस्था की जाय आदि बातों का मांग किया और अपील किया की जल्द से जल्द इस पर एक्शन लिया जाय। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्लाक अध्यक्ष विनय सिंह जी ने किया।

### शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर वांछित, पीपीजीसीएल के गार्ड को मारी थी गोली

**शंकरगढ़।** एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देशन में चोरों व लुटेरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसपी यमुनापार व सीओ बारा की अगुवाई में चोर गिरोह के दो वांछितों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी एसओ शंकरगढ़ राजेश उपाध्याय ने अपनी टीम के साथ शंकरगढ़ के मिश्रापुरवा पुलिया के पास से की है। बताया जाता है कि पीपीजीसीएल पावर प्लांट में चोरों द्वारा चोरी के दौरान गार्ड को गोली मारी गई थी। इसमें से वांछित अभियुक्तों में दो वांछित छोटू आदिवासी पुत्र स्व. गुलजार, जज्जी का पुरवा, नीबी लोहगरा व सुभाष उर्फ बन्ने आदिवासी पुत्र बच्चालाल, लोहगरा को गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि 26 दिसंबर को वादी पंकज कुमार राय पुत्र उमेशचंद्र राय, (पीपीजीसीएल) की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। जिसमें चोरी के दौरान गार्ड श्रवण कुमार दुबे ने विरोध किया तो चोरों ने गोली मार दी थी।

## लालापुर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लालापुर।** लालापुर थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय व उनकी टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर एससी/एसटी एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त को गिरफ़्तार किया गया। अभियुक्त से नाम व पता पूछे जाने पर तौहीत अली (22 वर्ष) पुत्र मो० अकरम सिद्दीकी उर्फ शेरअली निवासी पण्डुआ थाना लालापुर, वर्तमान पता डांडी, मन्नक पूरा, थाना नैनी जनपद प्रयागराज बताया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में थानाध्यक्ष अमित कुमार राय, कांस्टेबल अवनीश कुमार, कांस्टेबल अभिषेक कुमार, महिला कांस्टेबल रूबी पटेल का अहम सहयोग रहा। मीडिया को जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमित राय ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी तरह के अपराधी को लापरवाही नहीं की जाएगा ।



पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### शहर में बाजार बंदी को लेकर शुरू हुआ सर्वे

**प्रयागराज।** शहर में बाजार बंदी को लेकर कैट (कॉनफेडरेशन ऑफ इंडियन ट्रेडर्स) ने व्यापारियों के बीच सर्वे शुरू किया है। सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापारियों का संगठन कैट फॉर्म वितरित कर रहा है। फॉर्म में व्यापारियों को दर्शाना है कि सप्ताह में एक दिन कब बंदी होनी चाहिए। कैट ने बाजारों की साप्ताहिक बंदी के लिए गुरुवार और रविवार का विकल्प रखा है। यह फॉर्म शहर के बाजार सिविल लाइंस, चौक, बहादुरगंज, लोकनाथ, मुट्ठीगंज, कोठापारचा, हीवेट रोड, जानसेनगंज, जीरो रोड व अन्य को रखा गया है। फॉर्म शनिवार सुबह से व्यापारियों के ग्रुप में भेजने का सिलसिला शुरू हो गया।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल का कहना है कि दुकान बंदी को लेकर प्रशासन ने पिछले दिनों एक निर्देश जारी किया। निर्देश को लेकर व्यापारियों में रोष है। फॉर्म के माध्यम से व्यापारी सप्ताह में बाजार बंदी पर अपनी राय देंगे। व्यापारियों से मिले सुझाव को प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा। शहर के अधिकतर व्यापारी संगठन रविवार को बाजार बंदी के पक्ष में नहीं हैं।

## इविवि में छात्रों पर लाठीचार्ज, कई चोटिल

### विश्वविद्यालय बनी पुलिस छावनी, पीएसी ने किया फ्लैग मार्च

#### कुलपति कार्यालय का घेराव करने पहुंचे थे

**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में हॉस्टल खोले जाने और ऑफलाइन कक्षाओं के संचालन की मांग को लेकर कुलपति कार्यालय का मंगलवार को छात्रों ने घेराव कर दिया। घेराव कर रहे छात्रों पर पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान कुछ छात्रों को मामूली चोटें भी आईं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीत श्रीवास्तव के वाहन ने विरोध कर रहे छात्रों के बीच से निकलने का प्रयास किया। इस पर छात्र उनकी कार के आगे लेट गए। ऐसे में कुलपति की कार नहीं निकल सकी। उधर लाठीचार्ज के विरोध में छात्र आक्रोशित हो गए हैं। ऐसे में कई थानों की फोर्स भी बुला ली गई है। पुलिस अफसर उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल तनावपूर्ण माहौल है।

बता दें कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय को खोले जाने की मांग को लेकर सोमवार को छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव कर दिया। छात्र कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव से मिलने की मांग पर अड़े थे। सूचना मिली तो वहां फोर्स भी तैनात कर दी गई थी। काफी देर तक कुलपति समेत इविवि के प्रशासनिक अधिकारी छात्रों से मिलने नहीं पहुंचे थे, जिससे छात्रों में काफी नाराजगी थी।



कुलपति कार्यालय पर घेराव करते छात्र

## धूमनगंज में मकान की तीसरी मंजिल से कूदकर युवक ने दी जान

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के कालिंदीपुरम कॉलोनी स्थित काशीराम आवास योजना में रहने वाला ई रिक्शा चालक मंगलवार की दोपहर तीसरी मंजिल पर पहुंचकर छलांग लगा दिया। जैसे ही सूचना आसपास के लोगों को हुई तो खलबली मच गई। आनन-फानन में उसे लोग लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों की टीम ने मृत घोषित कर दिया 'सूचना धूमनगंज पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि पुलिस उसके परिजनों से पूछताछ कर रही है। मामला परिवारिक कल है बताया जा रहा है।

## एनएसयूआई ने मनाया विवेकानंद जी की जयंती

### 1 रुपया लेकर बूट पालिश करके युवाओं की स्थिति वर्तमान सरकार का किया विरोध

**प्रयागराज।** मंगलवार को NSUI के जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रान्तिवीर नेतृत्व में युवा दिवस पर सर्वप्रथम युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आयोजित युवा संवाद संगोष्ठी द्वारा नमन किया गया ततपश्चात युवाओं कि स्तिथि के जिम्मेदार वर्तमान सरकार के सामने छात्रों ने लोगों का 1 रुपये में बूट पालिश करके प्रधानमंत्री मोदी जी के ध्यान खींचने का कार्य किया।

वर्तमान गूंगी बहरी सरकार जिसको न किसानों के मरने की चिंता,न बेरोजगार युवाओं के आत्महत्या की चिंता, न छात्रों, मजदूरों पर बात करना बस चुनावी दौर में मन की बात कर कर के देश को अंधेरे में रखने वाले वर्तमान हिटलरशाही प्रधानमंत्री सरकार को देश की किसी प्रकार की चिंता नहीं, चिंता एक मात्र चुनावी दौर में इनके लिए खर्च करने वाले उद्योगपतियों की है। जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी आज होते तो कितना दुःख व्यक्त करते, देश की अर्थब्यवस्था किसानों व जवानों पर टिकी है दोनों की रीढ़ को तोड़ने का कार्य यह सरकार कर रही है, छात्रों ने 1 रुपये की बूट पालिश करके बताया कहा की कहा गया 2 करोड़ प्रत्येक साल रोजगार, कहा गया किसानों जवानों के लिए मर मिटने की बात।

जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर, कोऑर्डिनेटर कोमलक्ष गिरी, उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, जिला महासचिव गौरव याद, महासचिव प्रवीण विधायक, कोऑर्डिनेटर धीरेन्द्र सिंह, जिलासचिव देवेंद्र सिंह, जिला सचिव वीरेंद्र, विकास बौद्ध, शरद पांडेय, नैनेश, शिवम शुक्ला आदि रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतीक और संदीप का मॉडल सर्वश्रेष्ठ

### राजा कमलाकर इंटर कालेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी क्रियाशीलता

**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में मंगलवार को विद्यालयीय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ए.पी. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण प्रदूषण, सूचना प्रौद्योगिकी, जैव विविधता आदि विषयों के संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से 15 और सीनियर वर्ग से 2 मॉडल प्रस्तुत हुए, जिसमें जूनियर वर्ग में प्रतीक शुक्ला प्रथम, प्रज्ज्वल केसरवानी द्वितीय तथा सीनियर वर्ग में संदीप साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानाचार्य

प्रधानाचार्य ए पी सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच नवाचार व सृजन शक्ति का विकास होता है। कार्यक्रम में विज्ञान समिति के प्रभारी राकेश चंद्र मिश्र, रामबोध खरवार, सीपी सिंह, राम सिंह, अजय कुमार, अरविंद कुमार गौतम, पन्ने लाल, सुरेंद्र, सिद्धार्थ तिवारी, सीबी यादव, अनिल मिश्र, दीपेंद्र सिंह, लवकुश मिश्र, चंदन सिंह, अनुभव सिंह, शीतल सिंह, दीपिका केसरवानी, रचना केसरवानी व शैल त्रिपाठी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला सह समन्वयक ओपी धारिया ने किया।

## महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया प्रियंका वाड्रा का जन्मदिन

**प्रयागराज।** मंगलवार को आनंद भवन पर जिला व शहर महिला कांग्रेस कमेटी, प्रयागराज के सह नेतृत्व में आदरणीय प्रियंका गाँधी जी के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर व निर्धन बच्चो को फल, मिठाई वितरीत करके उनका जन्मदिन मनाया। जिसमें मुख्य रूप से खुशनवेदा फारुखी जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, अल्पना निषाद शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस प्रयागराज , सत्या पांडेय, चमन रावत जी, प्रिया मिश्रा सचिव, मीरा देवी उपाध्यक्ष कंचन देवी ,साहिबा खान , नीलम यादव सचिव, मदु, ध्यानी निषाद, वार्ड अध्यक्ष शीला देवी, वंदना सिंह, सबा खान सभी पदाधिकारिगण तथा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## चेकिंग अभियान का पर्वेक्षण करने के बाद एडीजी ने किया निरीक्षण



वाहन चेकिंग अभियान का निरीक्षण करते व हत्या मामले की जांच पड़ताल करते एडीजी

**प्रयागराज।** एडीजी जोन प्रयागराज नगर में संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान का पर्वेक्षण करने के बाद थाना कैन्ट क्षेत्र अंतर्गत हुयी हत्या घटना का निरीक्षण किये इस दौरान अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए। आज एडीजी प्रेम प्रकाश प्रयागराज के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष चौराहा व अन्य क्षेत्रों में समाज विरोधी तत्वों के आवागमन को रोकने के लिए की संदिग्ध वाहनों की चेकिंग का पर्यवेक्षण किया और अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही का फरमान दिए। घण्टो निगरानी के बाद वे सीधे थाना क्षेत्र कैंट के राजापुर नेवादा पहुंचे वहाँ बीती रात अज्ञात बदमाशों द्वारा मृत्यु कारित करने की घटना को संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच में लगी पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उक्त घटना के शीघ्र अनावरण/अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को कड़े निर्देश दिये गये। वहीं परिजनों से भी मिले और निष्पक्ष जांच कराने घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु आश्वस्त किया गया।

## हिन्दुस्तान एकेडमी में कवि सम्मेलन आयोजित





कवि सम्मेलन में उपस्थित कवि व अन्य

**प्रयागराज।** स्वामी विवेकानंद के विचारों के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस एवं आशी आशियाना के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान अकैडमी में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

संस्कृति, साहित्य एवं सामाजिक विचारों को जन-जन से जोड़ने हेतु आशि आशियाना संस्थान की स्थापना श्री अभिषेक आशी जी द्वारा पिछले वर्ष की गई थी। वर्षगांठ कार्यक्रम का मंच संचालन हर्ष पटेल एवं मोनाली पांडे जी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम विनम्र सेन जी ने सरस्वती वंदना के साथ मुख्य कवि के रूप में कविता पाठ का आरंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ कृतिका अग्रवाल, डॉ अविनाश कुमार, डॉ मृत्युंजय राव परमार एवं आर. एस. वर्मा जी रहे। रामजी सिंह ने कार्यक्रम में अध्यक्ष की भूमिका भी निभाई। मुख्य कवि के रूप में डॉ. श्लेष गौतम सर जी ने युवाओं में 'शब्दों को हथियार बनाकर लड़ने का जोश डाला', तो वही कवि डॉ प्रकाश खेतान जी ने हास्य व्यंग कविता 'नकल' सुना के श्रोता गणों को मोह लिया। कवियों की श्रेणी में आमंत्रित कविगण में विकास मिश्रा, संदीप गांधी, नंदिता एकांकी, डॉ अशोक अग्रहरि, बजरंग नाथ तिवारी, राजेंद्र तिवारी एवं निवेदिता कौंडिल्य जी ने श्रोता गणों को कुर्सी से बांधे रखा। कार्यक्रम को निर्बाध रूप से कार्यक्रम समन्वयक निर्विकार गिरी जी के साथ-साथ सलोनी, हर्ष, मनीष, उत्कर्ष, रफाकत, आद्या, संस्कृति, मनीषा एवं दिवाकर के सहयोग से हुआ।

## पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** माघ मेले के प्रथम स्थान पर्व मकर संक्रांति के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक के0पी0 सिंह की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय आपदा प्रबंधन योजनाओं की हुई बिंदुवार समीक्षा की गयी, जिसमें मेले से संबंधित सभी विभागों के नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न आपदा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा की गई। इस वर्ष मेले में भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत ट्रैफिक प्लान में कुछ आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक, मेला श्री राजीव नारायण मिश्रा ने बताया की दिनांक 13 जनवरी 2021 की रात्रि 1:00 से दिनांक 15 जनवरी 2021 को 24:00 बजे तक संगम क्षेत्र में प्रशासनिक चिकित्सीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों का संचरण प्रतिबंधित रहेगा। माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों हेतु पार्किंग व्यवस्था प्लॉट नंबर 17, पांटून पुल वर्कशॉप के समीप, गल्ला मंडी, दारागंज, हेलीपैड पार्किंग तथा काली सड़क पर यातायात पुलिस लाइन के सामने की गई है। संगम आने वाले स्नानार्थियों एवं श्रद्धालुओं को जीटी जवाहर चैराहे से प्रवेश कर काली सड़क आकर काली रैंप से होते हुए संगम अपरमार्ग से संगम तक आना होगा। संगम क्षेत्र से वापसी हेतु अक्षय वट मार्ग तथा त्रिवेणी मार्ग चैराहे से होते हुए वापस परेड क्षेत्र में जाना होगा। यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु विभाग द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में 500 अधिक बसों की व्यवस्था की है। इस वर्ष लगभग 2800 बसों को मुख्य स्नान पर्वों पर तथा 1800 बसों को सामान्य दिनों पर चलाया जाएगा।इसके अतिरिक्त लगभग 500 बसों को रिजर्व में रखा जा रहा है। फाफामऊ रूट बंद होने के कारण लखनऊ एवं फैजाबाद रूट की बसों को सामान्य दिनों पर झूसी से लाया जाएगा तथा मुख्य स्नान पर्वों पर कोखराज-मूरतगंज होकर सिविल लाइंस तक लाया जाएगा।मुख्य स्नान पर्वों पर दो अस्थाई बस अड्डे झूंसी एवं लेप्रसी चैराहे पर बनाए जाएंगे। विभिन्न जोनल रेलवे से आए अधिकारियों ने बताया की ट्रेनो से आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं हेतु रेलवे ने पर्याप्त मात्रा में ट्रेनों की व्यवस्था की है तथा मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत प्रयाग घाट(प्रयागराज संगम) रेलवे स्टेशन को मुख्य स्नान पर्वों पर बंद रखने का निर्णय लिया है। मुख्य स्नान पर्वों पर शहर में भीड़ के नियंत्रण के दृष्टिगत प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइन साइड से सिर्फ निकासी का मार्ग दिया जाएगा।

## विद्यार्थी परिषद ने युवा दिवस पर निकाली शोभायात्रा

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले हंडिया में कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में बड़ी शोभायात्रा निकाली शोभा यात्रा रेलवे स्टेशन हंडिया से निकलकर हन्डिया बाजार होते हुए हन्डिया महाविद्यालय तक समाप्त हुई इस अवसर पर मिशन मोदी अगेन पीएम युवा मोर्चा के काशी प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी जी ने शोभा यात्रा को विवेकानंद जी के एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया शोभायात्रा में विद्यार्थी परिषद सहित मिशन मोदी अगेन पीएम युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे राष्ट्रपति के गीत एवं स्वामी विवेकानंद के गीत से गुंजायमान होती शोभायात्रा में बीच-बीच में भारत माता की जय वंदे मातरम आदि राष्ट्रवादी नारे लगते रहे बाजार में उपलब्ध तमाम दुकानदारों ने एवं नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया शोभायात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता सांवरे लाल जी भी मौजूद रहे शोभा यात्रा की अगुवाई करते हुए इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी एवं सांवरे लाल जी कार्यकर्ताओं के साथ आगे आगे रहे उपलब्ध जनसमूह ने शोभा यात्रा का जमकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री विपुल विद्यार्थी, बृजेश त्रिपाठी, पवन त्रिपाठी, महेश त्रिपाठी, दिलीप जी, मिथिलेश यादव, रत्नेश पांडेय, नीरज त्रिपाठी, हिमांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



ेकंक

## पूषी तेरस के मेले में उमड़ा जनसैलाब महादेव की आराधना को लगा तांता

### दो दिनी मेले का हुआ समापन, मेले में क्षेत्रीय लोगों ने की जमकर खरीदारी

**शंकरगढ़।** प्रसिद्ध शिवनगरी रामगढ़ में पूसी तेरस के मौके पर आयोजित दो दिनी विशाल मेले का समापन हो गया। प्रथम दिन की तरह दूसरे दिन भी यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। दोनों दिन सुबह से ही मेले में क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ रही। क्षेत्रीय लोग मेले में आए लोगों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन किया और मेले में घर की जरूरतों का सामान खरीदा।

विकास खंड शंकरगढ़ के सोनबरसा ग्राम पंचायत के रामगढ़ में प्रतिवर्ष पौष माह के तेरस के दिन दो दिवसीय क्षेत्रीय मेला लगता है। जहां पर क्षेत्रीय बाजारों के व्यापारियों के अलावा दूरदराज के व्यापारी भी आकर अपनी तरह-तरह की दुकानें लगाते हैं। क्षेत्रीय कथाओं के अनुसार भगवान राम जब वनगमन के लिए अयोध्या से चले थे तो चित्रकूट जाते समय रामगढ़ की रमणीयता पर मोहित होकर यहां माता सीता के साथ विश्राम किया था। इसी दौरान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने शिवलिंग की स्थापना कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की थी। बताया जाता है कि राजा शंकरगढ़ के पूर्वजों ने भी यहां की महत्ता से प्रभावित होकर कोठी का निर्माण कराया और समय-समय पर परिवार सहित भोलेनाथ के दर्शन के लिए आते-जाते रहे। राजा के वंशजों द्वारा बनवाई गई कोठी के अवशेष आज भी रामगढ़ में मौजूद हैं। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार रामगढ़ का मेला प्राचीन काल से लगता चला आ रहा है। मेले में लोगों को अपनी हर आवश्यकता की वस्तुएं मिल जाती हैं। मेले की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा स्थानीय पुलिस भी लगाई जाती है।

मेले के व्यवस्थापक भरत तिवारी ने बताया कि व्यापारियों व आगंतुकों की सुविधा के लिए हर इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया की उक्त धाम के लिए पहले कोई पक्का मार्ग नहीं था। लोगों को जंगल की पगडंडियों से होकर आना पड़ता था, अब योगी सरकार के द्वारा रामगढ़ तक के लिए काली सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सड़क से जुड़ जाने पर रामगढ़ की महत्ता काफी बढ़ जाएगी। मेले में तरह तरह की दुकानों के अलावा तमाम कंपनियों के लोग भी अपनी प्रचार सामग्री लगाकर बैठे हुए थे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## स्वामी विवेकानंद जी का जीवन दर्शन है वे सच्चे अर्थ में राष्ट्रसंत : इं0 प्रणव

**प्रयागराज।** मिशन मोदी अगेन पीएम युवा मोर्चा काशी प्रांत के तत्वाधान में सिविल लाइंस प्रयागराज में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद जयंती मनाई गई इस अवसर पर मिशन मोदी अगेन पीएम के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन के साथ हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्रीमान अरविंद जी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमान सुरेंद्र शुक्ला जी मिशन मोदी युवा मोर्चा काशी प्रांत अध्यक्ष प्रणव त्रिपाठी जी के सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई सभी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया स्वामी जी को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया अगले क्रम पर श्री वेद आनंद ओझा जी द्वारा एक राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया जिसने लोगों में उत्साह भर दिया अपनी बात रखते हुए मुख्य वक्ता श्रीमान अरविंद जी ने कहा भारत की छवि पूरी दुनिया में निखारने वाले स्वामी जी भारत की वास्तविक धरोहर थे उनका चिंतन राष्ट्र की गरीबी से लेकर छुआछूत के साथ ही साथ धार्मिक आंदोलन का था उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने उनके संदर्भ में कहां की विवेकानंद सप्तर्षियों में से एक हैं इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैंने अपने संपूर्ण जीवन में कोई एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं पाया जो स्वामी जी के विचारों से ना सहमत हो स्वामी जी का संपूर्ण चिंतन है राष्ट्रवादी था निश्चित रूप से स्वामी जी ने पूरी दुनिया का यह भरम तोड़ दिया था जिसमें सभी भारत को बहुत पिछड़ा हुआ रोगियों का टोकियो का और मदारी ओ का देश समझते थे स्वामी जी ने शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में वह नाद किया था जिसकी गूंज में संपूर्ण विश्व बौना हो गया था आज समाज में कुछ विकृत मानसिकता के लोग स्वामी जी की मूर्ति को खंडित करते हैं निश्चित रूप से वह यह वह मानसिक विकार के लोग हैं जिन्होंने समाज को गंदा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है स्वामी जी के हृदय में राष्ट्रवाद कि वह धाराप्रवाह मान होती थी जो आज भी युवाओं को राष्ट्र के लिए कुछ करने को प्रेरित करती है ऐसे में वे लोग हमारी संस्कृत के इतने दिव्य महापुरुष की प्रतिमा को खंडित करते हैं उनका चिंतन उनकी सोच उनके विचार कितने पुत्र और विभक्त हैं इसको समझने के लिए उनका यह कार्य ही पर्याप्त है आज राष्ट्र को जरूरत है ऐसी विध्वंस काली शक्तियों के विपरीत उठ खड़ा हो युवा आगे हमें ऐसे लोगों के विपरीत लोकतांत्रिक तरीके से एक ऐसा उद्घोष करें जिसके आगे इनकी विकृत मानसिकता तार-तार हो जाए आज मोदी जी के सपनों का भारत निर्माण हो रहा है ऐसे में राष्ट्र विरोधी ताकते नहीं चाहती हैं कि राष्ट्र का उत्थान हो यह हम सभी को निर्णय करना है कि हमारा राष्ट्र कैसे आगे जाएगा और उसके लिए नित्य प्रति कार्य भी करना है इंजीनियर त्रिपाठी ने समस्त आगंतुकों को स्वामी विवेकानंद जी का चित्र भेंट किया प्रमुख अतिथियों को अंगवस्त्रम चित्र और विवेकानंद साहित्य भेंट किया उनका माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमान सुरेंद्र शुक्ल जी ने आए हुए समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर मुख्य रुप से श्रीमान वेद आनंद ओझा जी बृजेश त्रिपाठी जी प्रखर जी पवन जी हिमांशु जी मिथिलेश जी दिलीप जी महेश जी देश दीपकआशीष मिश्र टिंकू पांडेय राजीव जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





मुख्य अतिथि को सम्मानित करते इं0 प्रणव त्रिपाठी

## संक्षेप समाचार

### नगर पालिका द्वारा पूर्व में किया गया तालाब का पट्टा निरस्त

**कौशांबी।** मंझनपुर नगर पालिका परिषद द्वारा सरकारी तालाबों को पट्टे में दिए जाने के मामले में नियमों की अनदेखी की गई थी इस मामले की जिलाधिकारी से शिकायत हुई जिलाधिकारी के न्यायालय में वाद दाखिल कर अवैध पट्टे को निरस्त करने की मांग की गई जिलाधिकारी में सुनवाई करते हुए पाया कि नगर पालिका मंझनपुर द्वारा सरकारी तालाब को गलत तरीके से आवंटित कर दिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया है कि नीलामी करने के दोषी उत्तरदाई के विरुद्ध जांच कर वैधानिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें अधिशासी अधिकारी प्रशासक को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रश्न गत भूखंडों को मत्स्य पालन हेतु बिधि अनुसार नीलामी की कार्रवाई अविलंब संपादित कराना सुनिश्चित करें साजिश के तहत मंझनपुर के सरकारी तालाबों पर कब्जा करने की मंशा से तालाब के पट्टे अन लीगल तरीके से किए गए थे साजिश कताओं की मंशा पर जिलाधिकारी का आदेश आते ही पानी फिर गया है।

# शोषण से त्रस्त लाइन मैनों ने किया जोरदार प्रदर्शन

## तेलंगाना सरकार की भांति संविदा कर्मियों को सुविधाएं देने की मांग

**कौशांबी।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की तानाशाही विभाग के कंपनी और ठेकेदारों के शोषण से त्रस्त विद्युत विभाग के लाइनमैन ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर में मंगलवार को जोरदार तरीके से धरना प्रदर्शन नारेबाजी कर विभागीय व्यवस्था के प्रति आवाज बुलंद की है धरना प्रदर्शन नारेबाजी कर विभाग के कारनामों पर चर्चा कर रहे लाइन मैंनो ने कहा कि बिजली घर मे लाइनमैन के रहने बैठने की व्यवस्था सही हो बिजली पानी शौचालय आवास और समान कार्य समान वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्युत विभाग के बिजली कर्मचारी संघ के संविदा कर्मचारियों ने तेलंगाना सरकार के भांति संविदा कर्मचारियों की कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर 2007 से अब तक संविदा कर्मचारियों की ईपीएफ वर्ष 2017 से 2020 तक के आदेश आदि की मांग की गई है


शोषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते लाइनमैन

प्रदर्शन कारियो ने कहा कि उनकी समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं किया गया तो 15 फरवरी के बाद कार्य बहिष्कार करेंगे धरना प्रदर्शन में शिव मणि त्रिपाठी डेविड राजपूत संदीप मिश्रा रईस अहमद घनश्याम कुशवाहा शराफत अली ज्ञानू शर्मा राजेंद्र यादव भग्गू सहित भारी संख्या में विद्युत विभाग के लाइनमैन मौजूद रहे और अंत में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

## अवैध गांजे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत टेंवा चौकी इंचार्ज इंद्र कांत यादव ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त के पास 400 ग्राम गांजा बरामद कर जेल भेज दिया। ग्राम बहादुरपुर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा था जिसकी जमा तलाशी लेने पर उसके पास 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ जानकारी पर पता चला कि अभियुक्त देव शर्मा पुत्र ओमप्रकाश निवासी बहादुर पुर काफी दिनों से गांजा की सप्लाई करता था तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

इसी प्रकार अझुवा सिराथू चौकी इंचार्ज हेमंत मिश्रा की बड़ी कार्रवाई, अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार। जानकारी के अनुसार चौकी इंचार्ज हमराहियों के साथ गस्त पर थे सूचना मिली एक संदिग्ध व्यक्ति मंझनपुर रोड सिराथू में घूम रहा है !मौके पर पहुंचकर तलासी के दौरान शफीक पुत्र स्व. अजीजुद्दीन निवासी वार्ड नंबर 1 नगर पंचायत सिराथू के पास से 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा मिला जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया गया।

# किसान विरोधी कानून हटाए जाने की मांग को लेकर मोर्चा ने दिया धरना


धरने पर बैठे मोर्चा के पदाधिकारी

**कौशांबी।** राष्ट्रीय किसान मोर्चा के पदाधिकारी दो दिन से जनपद मुख्यालय के डायट मैदान में खुले आसमान के नीचे धरना प्रदर्शन कर किसान विरोधी कानून को हटाए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन दो दिन से खुले आसमान के नीचे कपकपाती ठंड में बैठने वाले किसानों की पीड़ा को समझने अधिकारी नहीं आए हैं बल्कि उन्हें धरना स्थल से हटने का निर्णय सुनाने मंझनपुर कोतवाल और क्षेत्राधिकारी पहुंचे हैं और आंदोलन कारियों को वापस जाने का उन्होंने फरमान जारी कर दिया है आंदोलन कारियों ने पुलिस अधिकारियों की बात मानने से इनकार कर दिया है उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि जब तक उनकी मांगों को सरकार नहीं मानती है तब तक उनका आंदोलन चलता रहेगा तेरी सरकार नहीं मानी तो देशव्यापी जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा धरना प्रदर्शन का नेतृत्व श्रीनाथ मौर्या ने किया है इस प्रदर्शन में सुरेंद्र मौर्य रमेश पासी चंद्रशेखर जुगराज यादव नरेंद्र कुमार राहुल मौर्य माया देवी रमेश प्रधान अवधेश कुमार संजय मौर्या राम लखन सुनील कुमार सुखलाल राजा राम राम कुमार शिव भवन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पच्चीस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**पुलिस मुठभेड़ के बाद जवाबी फायरिंग में लगी गोली, एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों में था वांछित**



इनामी बदमाश की दबिश में फायरिंग में पैर में लगी गोली अस्पताल में भर्ती पूछताछ करती पुलिस

**प्रतापगढ़।** कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रतापगढ़ पुलिस टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। नगर कोतवाली इलाके के भूलियापुर मोहल्ले में सोमवार की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस दबिश देने पहुंची थी।आरोप है कि पुलिस टीम को देख 25 हजार के इनमिया बदमाश ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी इससे वह घायल हो गया।

बताया गया कि पुलिस के हत्थे चढ़ा बदमाश एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों के साथ साथ गैंगेस्टर के मामले में भी वांछित था। गोली से घायल बदमाश गुलफाम को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सूत्रों के अनुसार शिवम गैस एजेंसी के कर्मी से लूट समेत कई संगीन मामले उस पर दर्ज है। सीओ सिटी अभय पाण्डेय, अंतू एसओ, नगर कोतवाली और एसओजी टीम इस अभियान में शामिल थी। पुलिस का दावा है कि घायल बदमाश गुलफाम के पास से 315 बोर का तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, खोखा और एक पल्सर बाइक बरामद हुई है।

### रगौली गाँव के पास हाइवे पर मिला अज्ञात महिला का क्षत विक्षत शव

**विश्वनाथगंज।** फैजाबाद प्रयागराज हाइवे पर नगर कोतवाली के रंगोली कनेस्ता गाँव के पास महिला का क्षत विक्षत शव मिला।सूचना पर पहुची भुपियामऊ चैकी पुलिस ने वाहनों से कुचलकर बुरी तरह क्षत विक्षत हो चुके शव के लोथड़ों को बटोर कर पंचनामा कराने के बाद पोस्मार्टम के लिए भेज दिया।आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर अज्ञात महिला की मौत हुई होगी और घने कोहरे के चलते देख न पाने के कारण वाहन उसे कुचल कर क्षत विक्षत कर दिए होंगे।बुरी तरह कुचल जाने के कारण महिला के शव की शिनाख्त नही हो सकी।यह घटना देर रात की मानी जा रही है।क्षेत्र में किसी महिला के गायब होने की कोई सूचना नहीं है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला बाहरी है।उसे किसी वाहन से लाकर ढाबे के पास उतार दिया गया होगा।

### लापता बुजुर्ग का मिला बाग में शव

**प्रतापगढ़।** लालगंज थाना क्षेत्र में रात से लापता बुजुर्ग का शव घर से दो सौ मीटर दूर स्थित हाईवे किनारे बाग में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लालगंज थाना क्षेत्र के बासूपुर तेलियान निवासी कालिका प्रसाद तिवारी (65) को सोमवार शाम करीब छह बजे उसके परिचितों ने फोन करके बुलाया था। कालिका ने घर में बताया कि वह साथियों के साथ दारू पीने जा रहा है। रात करीब नौ तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने फोन किया तो कालिका का फोन बंद मिला। इसके बाद घर के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पूरी रात घर के लोग परेशान रहे। मंगलवार सुबह घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर लखनऊ-वाराणसी हाईवे किनारे स्थित ढकवा मोड़ पुलिया के पास बुद्धि की बगिया में एक शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने देखा तो कालिका के घरवालों को सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे। शव कालिका प्रसाद का ही था। उसके मुंह से खून बह रहा था। उसका मोबाइल फोन भी गायब था। सीओ जगमोहन का कहना है कि मामला संदिग्ध है।


पुलिस की गिरफ्त में शातिर

# सात देशी बम के साथ दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**मानधाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नारायणगंज मोड़ खमपुर के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को दबोचने में सफल रही।पकड़े गए बदमाशों के पास सात देशी बम भी मिले है। मानधाता थाने के उपनीक्षक राजेश कुमार यादव अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र के नारायणगंज मोड़ खमपुर के पास चेकिंग लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे।इसी बीच उन्हें एक स्वीफ्ट कार आती दिखाई दी।कर में दो युवक सवार थे।पुलिस ने कार से संबंधित कागज मागा तो नही दिखा सके।पुलिस के अनुसार उनकी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए जब तलाशी ली गयी तो उनके पास से सात अदद देशी बम बरामद हुए।पुलिस ने कार का एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओ में चालान कर सीज करने के साथ दोनों अभियुक्तों के विरुध्द विष्फोटक अधिनियम एक्ट तहद मुकदमा दर्ज किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम अरुण कुमार सरोज पुत्र राम किशोर,निवासी बहेरिया,मानधाता,प्रतापगढ़ तथा दीपक सरोज पुत्र सुरेश सरोज निवासी लाखापुर, मानधाता बताया गया।

## अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रावास योजनान्तर्गत शैक्षिक संस्थाएं में करें आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेश राय ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 भारत सरकार की गाईड लाइन के अनुरूप अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए राजकीय शिक्षण संस्थानों यथा-मेडिकल कालेजों एवं इंजीनियरिंग कालेजों को प्राथमिकता देते हुए पॉलीटेक्निक आई टी आई महाविद्यालयों छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव सभी वांछित अभिलेखो के साथ आमंत्रित किये गये है। जनपद की सम्बन्धित श्रेणी की शिक्षण संस्थाओ को सूचित किया जाता है कि आवश्यकतानुसार छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव सभी वांछित अभिलेखो के साथ अपनी संस्तुति सहित 03 प्रतियों में दिनांक 18 जनवरी 2021 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे अन्य विस्तृत जानकारी विकास भवन स्थित परिसर में कार्यालय पर प्राप्त की जा सकती है।

# नवागत पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीणा ने किया बाघराय थाने का औचक निरीक्षण

**बाघराय।** नवागत पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीणा ने बाघराय थाने का औचक निरीक्षण किया। थाना कार्यालय के अभिलेखों व उपकरणों के रख-रखाव, मालखाना, मेस, बैरक व थाना परिसर की साफ-सफाई, महिला हेल्प डेस्क आदि को चेक किया गया तथा पाई गई कमियों को दूर कराए जाने व टॉपटेन अपराधियों के सम्बन्ध में कार्यवाही, इनामिया अथवा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का सत्यापन, लम्बित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व अपराध नियन्त्रण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये।

मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति जो भी थाने पर आए उसे समुचित न्याय मिले, यही मेरा पहला उद्देश्य है। स्थानीय थाने पर किसी व्यक्ति को न्याय नहीं मिलता तभी वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय की चैखट पर जाता है। अवैध कारोबारियों एवं अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर पत्रकार रामप्रसाद यादव, के0 पी 0 सिंह,लोकेश मिश्रा ,सुनील त्रिपाठी, रत्नेश शुक्ला, पिंटू मिश्रा, अमित तिवारी ,रजत द्विवेदी, अनुराग उपाध्याय ,पवन पाण्डेय आदि भी मौजूद रहे।



बाघराय थाने का औचक निरीक्षण करते नवागत एसपी

## अधिवक्ता पर फायरिंग बाल-बाल बचे

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र में रात में मवेशियों की देखरेख को निकले अधिवक्ता पर फायरिंग की गई। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हथिगवां थाना क्षेत्र के समसपुर बहरिया के अभय कुमार उपाध्याय कुंडा तहसील में वकालत करते हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजे वह खाना खाने के बाद मवेशियों की देखरेख के लिए बाहर निकले तो पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने जान से मारने की नीयत से उन पर फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली दीवार से टकरा गई। शोर मचाने पर परिजनों समेत गांव के लोग दौड़े तो आरोपित धमकी देते भाग निकले। मौके पर एक खोखा बरामद हुआ है। गोली लगने से दीवार में छेद हो गया है। यूपी 112 को फोन करने पर रात में पुलिस पहुंची और जांच की। एसओ उदय तिवारी का कहना है कि वह खुद मौके पर गए थे, लेकिन जिन लोगों का नाम लिया जा रहा है वह घर में सोते मिले। मामले की जांच की जा रही है।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित हुई संगोष्ठी

**प्रतापगढ़।** रूलर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला कचहरी में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए स्वामी जी को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन करते हुए किया गया। इस अवसर पर एकत्रित बार के अधिवक्ताओं ने चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया एवं उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।इस मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व राज्य मंत्री अवधेश मिश्र एडवोकेट रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री मिश्र ने स्वामी जी के जीवन इतिहास पर विस्तृत रूप से वर्णन करते हुए कहा कि आज स्वामी जी के उपदेश को अपना कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति स्थापित की जा सकती है। घर-घर में स्वामी जी के विचारों को पहुंचाने और इसे पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी का जीवन युवाओं के लिए आदर्श है। इस अवसर पर महामंत्री जयप्रकाश मिश्र जेपी ने कहा कि हम सभी युवाओं का सपना तब सरकार होगा जब भारत के युवा शिक्षित और समझदार होंगे व उन्हें रोजगार मिलेगा। इस मौके पर रूलर बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ उर्फ मुक्कू ओझा एडवोकेट ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामकृष्ण मिश्र गुड्डू, विनय सिंह एडवोकेट, विवेक त्रिपाठी एडवोकेट, शिवेश शुक्ल एडवोकेट, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र नाथ शुक्ल, संतोष नारायण मिश्र, जूनियर बार के पूर्व उपाध्यक्ष विद्यासागर शुक्ल, दीपू, रूलर बार के जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा सहित अधिवक्तागण मौजूद रहे।


विवेकानंद की जयंती मनाते रूलर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी


विवेकानंद की जयंती पर मौजूद सपाई

## सपाइयों ने मनाई विवेकानंद की जयंती

**इमामगंज कौशाम्बी।** सपा कार्यकर्ताओ द्वारा मूरतगंज ब्लॉक के पंसौर गांव में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर उनकी जयंती मनाई गयी सपा का यह मानना है की स्वामी विवेकानंद जब वाराणसी आये थे तो वाराणसी के अर्दली बाजार स्थित एलटी कॉलेज के भवन में स्वामी विवेकानंद ठहरे थे और यहीं पर उन्होंने वाराणसी के प्रसिद्ध पुस्तक लाल विला गोपाल लिखें स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और अपने उद्देश्यों को दूर-दूर पहुंचाने के लिए लोगों का मार्गदर्शन किया और भारत को विश्व में एक दर्जा प्राप्त कराने के लिए वेद उपनिषद जैसे महान ग्रंथों की संस्तुतिया प्रस्तुत भी की कार्यक्रम में गुलाम हुसैन संतोष केसरवानी शिवमूरत कनौजिया चंद्रबली पटेल उधौ श्याम व तमाम अन्य ग्रामीण मौजूद रहे सभी सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद के जयंती पर उनके विचारों को लोगों में पहुंचाने के लिए उनकी स्मृति को याद किया।

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यो को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है, साथ ही साथ कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होने कार्यो में लापरवाही या उदाशीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया है। बैठक में वनाधिकारी एवं अधिशासी अभियंता नलकूप के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनो अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी विभाग अपने-अपने विभागों के जर्जर भवनों एवं विद्यालयों को चिन्हित करते हुए टेण्डर करायें एवं उनके ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम विभाग की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पहले से मिल रहे सूखा राशन के साथ-साथ दाल, देशी घी एवं मिल्क पाउडर को भी वितरित करते हुए उसकी फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफ बनाकर उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। सामुदायिक शौचालयों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालयों में विद्युत एवं पानी की व्यवस्था के साथ ही साथ उसकी देखभाल के लिए एक कर्मचारी की तैनाती करने का निर्देश संबंधित को दिया है। कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत कार्यों में तेजी लाते हुए लंबित आवेदन पत्रों को तत्काल पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने रोड के बीच में पड़ने वाले विद्युत पोलों की सिफ्टिंग रोड के किनारे कराये जाने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा धिकारी को जननी सुरक्षा, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, एम्बुलेंस सेवा सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने आशाओं के मानदेय को समय से उपलब्ध कराये जाने का भी निर्देश दिया है। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह को भब्य आयोजन के साथ कराये जाने की तैयारियों को समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदन पत्रों को जांच कर उनको तत्काल फीड कराये जाने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने पूर्ण हुए आवासों की वाल राइटिंग ऑगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवनों, प्राथमिक विद्यालयों आदि स्थलों पर कराये जाने के निर्देश दिये है। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने सभी नहरों में टेल तक पानी पहुंचाये जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता नहर को दिया है।


बैठक में जरूरी आवश्यक दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी